तापमान
अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, जून 26, 2024

12 घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रूटि ठीक करेंगे बीएलओ

12 गिरते भूजल को बचाने के लिए धान की सीधी ..


# सरस्वती नदी वेदों में ही नहीं बल्कि धरातल पर भी मौजूद: भारत भूषण

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक थी नदी सरस्वती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने कहा कि सरस्वती नदी वेदों में ही नहीं बल्कि धरातल में भी मौजूद है तथा वैज्ञानिक आधार पर भी सरस्वती के मौजूद होने के प्रमाण मिल चुके हैं। सरस्वती विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना हमारा नैतिक दायित्व है। भारतीय वैदिक संस्कृति का विकास इसी नदी के आसपास हुआ था। इसलिए इस नदी को खोजना भारतीय सांस्कृतिक विरासत को खोजना है। भारत को जानने के लिए व खुद को जानने के लिए सरस्वती को जानना जरूरी है। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला व कुवि के सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में एक थी नदी सरस्वती विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इससे पहले केयू स्थित सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केन्द्र के निदेशक व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी की खोज यात्रा वर्ष 2002 में दर्शन लाल जैन तथा मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती तथा उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच के प्रयासों से शुरू हुई थी। भारत भूषण भारती ने कहा कि जल ही जीवन है। आने वाला समय संकटग्रस्त है। हमें जल का संचय, शुद्ध वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत में रखना होगा। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने गिरते हुए भूजल स्तर को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया जो कि तालाबों के विकास, सुरक्षा, पुनरुद्धार, संरक्षण, निर्माण और प्रबंधन को बढ़ावा दे रहा है।

■ सरस्वती विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना हमारा नैतिक दायित्व


कुरुक्षेत्र। संगोष्ठी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती व मौजूद अन्य।

### सरस्वती नदी लोक साहित्य में कभी भी लुप्त नहीं हुई

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के कार्यकारी उपाध्यक्ष कुलदीप अग्निहोत्री ने कहा कि सरस्वती नदी लोक साहित्य में कभी भी लुप्त नहीं हुई है। उन्होंने दूसरे विश्वविद्यालयों में भी केयू की तरह सरस्वती नदी को लेकर शोध करने का आह्वान किया।

### सांस्कृतिक दृष्टि से सरस्वती आज भी जीवित: प्रो. सचदेवा

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पौराणिक मान्यताएं बिल्कुल सही हैं। सांस्कृतिक व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सरस्वती नदी के जीवित होने के प्रमाण व साक्ष्य मिलते हैं। सरस्वती के विकास से ही हम अपनी विरासत पर गर्व कर सकते हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से कुवि द्वारा कैम्पस में व सम्बन्धित कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पूरे प्रावधान के साथ देश में सबसे पहले लागू किया गया है। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए वेल्यू एडिड कोर्सिज को शामिल किया गया है। उन्होंने शोधार्थियों से सरस्वती के कालखंड के वैज्ञानिक साक्ष्य पर शोध करने का आह्वान किया।

### सरस्वती नदी का जल प्रवाह 380 किमी तक बढ़ चुका

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सरस्वती के जीर्णोद्धार को लेकर सरस्वती बोर्ड का गठन किया गया। हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में अब वो दिन दूर नहीं जब 12 महीने सरस्वती नदी में पानी चलेगा। सरस्वती नदी का अपना आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्व है। यह आस्था का केन्द्र हैं। वर्तमान में सरस्वती नदी का जल प्रवाह 380 किमी तक बढ़ चुका है। मंच का संचालन प्रो. सीडीएस कौशल ने किया। इस मौके पर डॉ. एके गुप्ता, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, केन्द्र के निदेशक प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. एसके चहल, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. रीटा, डॉ. निरुपमा भट्टी, प्रो. किरण, प्रो. सीडीएस कौशल, प्रो. संजय मिश्रा, अरविन्द कौशिक, मनोज कुमार, ऋषिपाल मथाना, डॉ. महावीर, दीपक चौहान, डॉ. दीपा गौतम, प्रो. शुचिस्मिता, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. एमके मोदगिल, अशोक रोशा, हरीश, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. प्रिया, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. राजकमल, डॉ. जितेन्द्र जांगडा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**घरौंडा।** नई अनाज मंडी में एक ट्रक ने एक बुजुर्ग को कुचल दिया। जिसकी मौत हो गई। वार्ड नंबर 17 के रहने वाले अनुज ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पिता तेजपाल चौकीदार का कार्य करता है। वह अपने कार्य पर गया हुआ था तो एक ट्रक चालक ने उसे कुचल दिया जोकि बुरी तरह से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी कृपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। रामनगर के सुरद्रिं पाल ने 17 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कृपाल सिह व अन्य ने राइस पुल्लर धातु के बिजनेस के मामले में उससे एक बडी रकम ऐंठने की धोखाधड़ी करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। चुडियाला के चरणजीत सिंह ने 18 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मई 2024 को आरोपी मनदीप सिंह व अन्य ने गांव सम्भालखा में उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### मारपीट के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश व गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया है। गांव मस्तपुर के बलजद्रिं सिंह ने 20 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मनदीप सिंह व अन्य ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।


हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा, बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

## बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग पंचकूला की सदस्य सुमन राणा ने मंगलवार को बाल श्रमिक पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र में बच्चों की पढ़ाई के संदर्भ में बच्चों से बातचीत की व बच्चों को स्नेह पूर्वक आगे बढ़ने के लिए लिए कुछ जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कामयाब होने के लिए हमें बचपन से ही प्रयास करने की जरूरत है। बच्चों को अध्ययन शील होना चाहिए। उन्होंने केन्द्र में लाइब्रेरी बनवाने के भी निर्देश दिए। आयोग सदस्य ने कहा कि गर्मी के मौसम में आंखों से संबंधित अनेक बीमारियों आती है। उन पर ध्यान देने के लिए जरूरत है। इसके लिए बच्चों की आंखो का चैकअप कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए केन्द्र में जो खेलों का समान उपलब्ध है उसमें बढ़ोतरी करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता साथ रहें।

■ बच्चों को स्नेह पूर्वक आगे बढ़ने के लिए लिए कुछ जरूरी टिप्स दिए

## चिरायु कार्ड न बनने से कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ यमुनानगर की बैठक मंगलवार को सब डिवीजन साढ़ौरा व बिलासपुर में हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष आशीष धीमान मुख्य रूप से शामिल हुए तथा कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया।

■ अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों ने जताया रोष

जिलाध्यक्ष आशीष धीमान ने कहा कि कर्मचारियों की सबसे बड़ी समस्या मेडिकल सुविधा की आ रही है। चिरायु कार्ड बनाने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने 1500 रूपये सभी कर्मचारियों की सैलरी से काटे थे लेकिन अभी तक भी किसी कर्मचारी का चिरायु कार्ड नहीं बना। ऐसे लगभग पूरे प्रदेश में 60 हजार कर्मचारी हैं जिनका करोड़ों रुपया हरियाणा सरकार के पास कर्मचारियों का गया हुआ है। लेकिन 2023 से आज तक किसी का चिरायु कार्ड नहीं बना। जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। जिला सचिव रजत चौधरी ने बताया चार जुलाई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सभी कर्मचारी इकट्ठे होंगे जिसमें सभी कर्मचारी भारी संख्या में पहुंचकर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

मौके पर सुभाष राणा, राजवीर शर्मा, प्रशांत यादव, राजेश सैनी,


यमुनानगर के बिलासपुर में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी।

## सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशसन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार को चेताया कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने ऐलान किया कि वह बुधवार को निगम के मुख्य लेखा अधिकारी कार्यालय का घेराव करके अपना विरोध जताएंगे।

■ प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन व सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

मंगलवार को दूसरे दिन प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान पपला ने की व मंच संचालन सह सचिव रमेश कुमार ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने निगम अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर महासचिव मांगे राम तिगरा व जिला प्रधान प्रवेश परोचा ने कहा कि निगम अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब भी अधिकारियों से लंबित मांगों के संबंध में बात की जाती है तो उनकी मांगों को अनसुना कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 26 जून को निगम प्रशासन यूनियन के साथ बात नहीं करता तो सफाई कर्मचारी व दमकल कर्मचारी नगर निगम के मुख्य लेखा अधिकारी के कार्यालय का घेराव करेंगे। मौके पर उपप्रधान बलदीप, कार्यालय सचिव रमन, कोषाध्यक्ष गुलजार अहमद, सोरण दलोर, जीतो, कमलेश, श्रीचंद, प्रिंस व मुकेश आदि मौजूद थे।


यमुनानगर में निगम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

## पति की प्राकृतिक मृत्यु हुई, नाम शहीदों की सूची में लिखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के अध्यक्ष यशपाल मलिक ने देश के रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर सरकार को गुमराह कर शहीद के नाम पर सरकारी सुविधाएं ले रही पानीपत के गांव बबैल निवासी महिला संतरो देवी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि संतरो देवी जहां स्वयं सरकारी विभाग ईएसआई से एएनएम के पद से सेवानिवृत होकर पेंशन प्राप्त कर रही है वहीं अपने पति स्व.हवा सिंह फौजी के नाम को जिला सैनिक बोर्ड के कर्मचारियों से मिलीभगत कर सेना विभाग से धोखाधड़ी करके अपने पति हवा सिंह का नाम शहीदों में शामिल करा लिए गया है। जिसके बाद से वह एक शहीद को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रही है। पत्र में रक्षा मंत्री से मांग की गई है कि सरकार को गुमराह के शहीदों के हकों पर ढाका ढालने वाली उक्त महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाए।

■ नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के अध्यक्ष यशपाल मलिक ने देश के रक्षा मंत्री को पत्र देकर कानूनी कारग्वाई की मांग की

## डबल मर्डर केस का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की आजाद नगर गली नंबर दो में हुए डबल मर्डर केस के दूसरे आरोपी कृष को पुलिस ने देर शामगिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। मामले में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी मृतक की बेटी काजल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

■ मुख्य आरोपी काजल को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार शहर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि आजाद नगर निवासी 45 वर्षीय मीना व उसके बेटे 24 वर्षीय राहुल की हत्या के मामले में फरार चल रहे कृष को देर शामगिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी कृष ने पूछताछ में बताया कि काजल ने अपने भाई राहुल की टांगे पकड़कर उसे नीचे गिरा दिया था। इसके बाद उसने परने से राहुल का गला दबाया था। जिससे उसकी मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को मंगलवार दोपहर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या में प्रयोग करने वाला परना व अन्य जानकारी हासिल की जाएगी। डबल मर्डर केस की मुख्य आरोपी काजल को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। काजल ने प्रॉपर्टी अपने नाम करवाने को लेकर अपने मामा के लड़के राहुल को साथमिलाकर अपनी मां मीना व भाई राहुल की हत्या की थी। काजल को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। दो दिन का रिमांड बुधवार को खत्म हो जाएगा।


यमुनानगर पुलिस डबल मर्डर केस में पकड़े गए आरोपी कृष को अदालत में पेश करके ले जाती हुई।

### ये था मामला

आरोपी काजल आजाद नगर गली नंबर दो में अपनी मां मीना व भाई राहुल के साथ रहती थी। काजल को लड़कों की तरह रहना पसंद था। जिस कारण उसकी अपनी मां व भाई से नहीं बनती थी। इसी को लेकर काजल ने अपने ममेरे भाई कृष के साथ मिलकर दोनों की हत्या करने का प्लान बनाया। रविवार को मीना व राहुल के शव घर में अलगअलग कमरे में पड़ा मिला था। दोनों के शरीर पर चोटों के निशान थे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जिले के गांव गधौली के नजदीक कार की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खानपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मां कमलेश के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव गधौली के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव गधौली के नजदीक हुई दुर्घटना

हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### टीडीआई में बिना प्लानिंग यूडीलैंड बेचकर सरकार के साथ करोड़ों रुपए का घोटाला करने का आरोप

## जन आवाज सोसाइटी का डीटीपी ऑफिस पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंसल सुशांत सिटी में कथित रूप से हुए सैकड़ों करोड़ के यूडी लैंड घोटाले की तरह अब टीडीआई में भी टीडीआई मालिकों, डीटीपी विभाग और तहसील कार्यालय द्वारा मिली भगत करके हरियाली के लिए छोड़ी गई अनिर्धारित भूमि (यूडीलैंड) को बिना प्लानिंग ही बेचकर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने जन आवाज सोसाइटी के कार्यकर्ताओं के साथ जिला योजनाकार विभाग के बाहर प्रदर्शन करते हुए लगाए। जोगेंद्र ने कि उनके द्वारा सेक्टर 23 स्थित टीडीआई की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री होने का मालूम होने के बाद जब प्लॉट नंबर ए 187 ए ,ए 166 ए की रजिस्ट्री निकाली गई तो यह अचंभित करने का मामला था। क्योंकि तहसील कार्यालय द्वारा स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन में लाखों रुपए की सरकार की चोरी की गई थी। इसके साथ-साथ बिना प्लानिंग ही न बेचे जाने वाली यूडीलैंड को डीटीपी विभाग की मिली भगत से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा कर सरकार के साथ करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया।

उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग डिपार्मेंट से लिखित में शिकायत करते हुए मांग की है कि इस भ्रष्टाचार में शामिल टीडीआई मालिकों, योजनाकार विभाग और तहसील कार्यालय पर आपराधिक मामला दर्ज करते हुए टीडीआई का तत्काल लाइसेंस रद्द किया जाए और फर्जी तरीके से की गई इन रजिस्ट्रियों को रद्द किया जाए। इस अवसर पर रंजीत भोला, डीपी ग्रोवर, सरदार कंवलजीत सिंह, प्रतीक यादव, मुंसाद तोमर, विक्की शर्मा, आशीष फौर, सनी, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।


जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगेंद्र स्वामी, डीटीपी कार्यालय को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की विशेष बैठक 29 को

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि 29 जून को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे एक विशेष बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। इसके साथ-साथ बैठक में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ प्रदेश के सभी मंत्रीगण, सांसदगण व भाजपा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में यह बैठक होगी और बैठक में चुनावों के दृष्टिगत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के साथ-साथ बैठक में उपस्थित सभी को चुनाव के तहत जो कार्य करने है, उस बारे उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इस बैठक में लगभग 2500 से ज्यादा कार्यकर्ता भाग लेंगे, जिसमें चुनावी रणनीति के तहत उन्हें आवश्यक जानकारी दी जाएगी। बैठक के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे बैठक की अध्यक्षता


कुरुक्षेत्र। जानकारी देते शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

**खबर संक्षेप**

### दो घरों से नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** छछरौली के दयालपुरी मंदिर के पास चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर 60 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी करने का आरोप जोगिंद्र सिंह व उसके साथी पर लगा है।

जानकारी के अनुसार दयालपुरी मंदिर छछरौली निवासी परमजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे वह किसी काम से बाहर गया था। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस आया तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 50 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। इसी दौरान चोरों ने पाल सिंह के घर से 10 हजार रुपये तथा दो सोने की अंगूठियां चोरी कर ली। जांच करने पर उन्हें पता चला कि जोगिंद्र सिंह ने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किशोरी लापता, तीन पर केस

**पानीपत।** पानीपत के गांव पलडी में स्थित एक ईंट भट्ठे पर निवास कर रही 16 साल की लड़की घर से संदिग्ध परिस्थितियों में चली गई। वह एक कार सवार तीन युवकों संग गई है। प्लानिंग के तहत उसने परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाया। देर रात सभी की बेहोशी का फायदा उठाकर वह घर से निकल गई। दूसरी ओर, लडकी के पिता ने अपनी बेटी के मामले में मोंटी, कृष्ण व पौना निवासी गांव नौल्था जिला पानीपत को नामजद करते हुए थाना इसराना पुलिस को शिकायत दी है।

### पानीपत में विधवा माहिला के घर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी निवासी मीना के घर चोरी हो गई। मीना, मारपीट के मामले में जेल में बंद थी। एक महीने बाद जब वह लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। कमरे से 20 हजार रूपये की नकदी और अन्य सामान गायब था।

### महिला के घर से नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** समालखा में निवास कर रही रानी के घर का ताला तोड पर चोरों ने नकदी और जेवरात चोरी कर लिए हैं। 23 जून को सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर को ताला लगाकर सोनीपत में काम पर चली गई। रात वह वापस लौटी तो घर में चोरी होने का पता चला।

## एडीसी व एसडीएम ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

# लाभार्थियों को आज दिए जाएंगे प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर

**जगाधरी अनाज मंडी में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए एडीसी आयुष सिन्हा व एसडीएम सोनू राम। *फोटो : हरिभूमि*

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जिन 3139 लाभार्थियों को सोमवार को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए गए हैं। उन लाभार्थियों को प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर अर्थात अंतिम आवंटन पत्र देने के लिए बुधवार को जगाधरी अनाज मंडी में सुबह 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र के 14, पिंजौर के 16 व करनाल के 20 लाभार्थियों को मंच पर अंतिम आवंटन पत्र वितरित किए जाएंगे। जबकि बाकी लाभार्थियों को नाम के पहले अक्षर के तहत लगाए गए स्टॉल पर पत्र वितरित किए जाएंगे। मंगलवार को एडीसी आयुष सिन्हा व एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम में पेयजल, लाइट व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बैठने की व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### नाम के पहले अक्षर के आधार पर लगाए जाएंगे काउंटर

अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि लाभार्थियों को प्लाट के प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर देने के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। किसी भी लाभार्थी को कई परेशानी ना हो, इसके लिए नाम के पहले अक्षर के आधार पर काउंटर लगाए गए हैं। जैसे जिन लाभार्थियों का नाम अंग्रेजी भाषा के अक्षर ए से शुरू होते हैं। उन्हें काउंटर नंबर एक पर लेटर दिए जाएंगे। इसी तरह जिन लाभार्थियों के नाम बी, सी और डी से शुरू होते हैं। उन्हें काउंटर नंबर दो पर लेटर दिए जाएंगे।

इसी तरह एफ, जी, एच, आई व जे नाम के लाभार्थियों को काउंटर नंबर तीन पर लेटर वितरित किए जाएंगे। इसी तरह के, एल नाम के लाभार्थियों के लिए काउंटर नंबर 4 लगाया जाएगा। वहीं, एम के लिए काउंटर संख्या 5, एन, ओ के लिए काउंटर नंबर 6, पी, क्यू के लिए काउंटर नंबर 7, आर के लिए काउंटर नंबर 8 व 9 लगाया जाएगा। जबकि एस नाम के लाभार्थियों के लिए काउंटर नंबर 10,11 व 12 तथा टी, यू, वी के लिए काउंटर नंबर 13 लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पांच से छह हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान है।

# रास्तों को करवाया जाएगा दुरूस्तः घनश्याम

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा पंचायत मंत्री महीपाल ढ़ांडा को अपने विधानसभा क्षेत्र के खेत खलियान के रास्तों को पक्का करवाने के लिए सूची सौंपते हुए।

यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में खेत खलियान के रास्तों को जल्द पक्का करवाया जाएगा। खेत खलियान के रास्ते पक्के होने से किसानों व ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पंचायत मंत्री महीपाल ढ़ांडा से मिलकर उनकी विधानसभा क्षेत्र के खेत खलियान के रास्तों को पक्का करवाए जाने की मांग की। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में खेत खलियान के कुछ रास्ते कच्चे पड़े हैं। जिन्हें पक्का करवाए जाने को लेकर वह चंडीगढ़ में पंचायत मंत्री महीपाल ढ़ांडा से मिले हैं। पंचायत मंत्री ने उन्हें उनकी विधानसभा क्षेत्र में कच्चे पड़े खेत खलियान के रास्तों को पक्का करवाए जाने का आश्वासन दिया है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वह यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवाने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने यमुनाननगर विधानसभा क्षेत्र में खेत खलियान के रास्तों की सूची पंचायत मंत्री को सौंपी है। जिन्हें जल्द पक्का करवाया जाएगा। भाजपा सरकार की सोच किसान भाईयों का मान सम्मान लगातार बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में वह प्रदेश सरकार के माध्यम से लगातार विकास कार्य करवा रहें हैं। प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार किसानों की 14 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में 6000 रुपये वार्षिक प्रदान किए जा रहे हैं। इस दौरान नितीश दुआ, रोहित व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# पारस के समान सद्गुरू शिष्य को बना देता है कुंदन : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- रादौर के संत निरंकारी भवन में हुआ सत्संग का आयोजन



**यमुनानगर।** सत्संग के दौरान संबोधित करते मुखी पवन ग्रोवर।

संत निरंकारी भवन रादौर में मंगलवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भवन के मुखी पवन ग्रोवर ने संगत को प्रवचन के माध्यम से निहाल किया। मुखी पवन ग्रोवर ने कहा कि निरंकार प्रभु परमेश्वर इन्सान का वास्तविक स्वरूप है। निराकार होते हुए भी यह सभी आकारों का आधार एवं कारण भी है और एक गुरसिख के लिये भक्ति का मुख्य आधार केवल सद्गुरू निरंकार ही है। सद्गुरू पारस के समान है जो शिष्य को कुंदन बना देता है। पारस के सम्पर्क में आने से साधारण लोहा भी सोने में परिवर्तित हो जाता है। पारस की प्रमाणिकता भले ही सन्देह के घेरे में हो सकती है, परन्तु समय का सद्गुरू असंख्य लोगों की जिंदगी को बदल देने का सामर्थ्य रखता है। वर्तमान समय या इतिहास का जिक्र किया जाए तो इंसान अपने ही कर्म से अपने ही पतन का कारण बनता चला जा रहा है। अन्धकार की तरफ अग्रसर हो रहा है। लेकिन सद्गुरू का अवतरण जनकल्याण के लिए होता है। इसलिए जब कोई इन्सान सद्गुरू की शरण में पूर्ण श्रद्धा सहित समर्पित होता है। तब उसे गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

# बीएलओ करेंगे सत्यापन कार्य

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला निर्वाचन विभाग द्वारा जिले में मतदाता सूची का सत्यापन के कार्य अभियान का शुभारंभ कर दिया है। इस कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा मंगलवार से घर घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वह बीएलओ को सही जानकारी दें और उनका सहयोग करें। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है। वह अपना फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

अभियान के दौरान मतदाता सूची में दोहरे नामों को भी हटाया जाएगा। बीएलओ द्वारा वेरिफिकेशन के बाद दोहरे नामों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा।

### पारदर्शी वोटर लिस्ट ही है पारदर्शी चुनाव का आधार



जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 27 जुलाई व 28 जुलाई तथा 3 अगस्त व 4 अगस्त को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म 6 भरवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है।

# हर वर्ग को ऊपर उठाने का भाजपा सरकार ने किया काम

- भाजपा द्वारा शहर के कैंप पार्क में किया जनसंपर्क कार्यक्रम
- जनसंपर्क कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर एवं भाजपा बैकवर्ड मोचा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** कैंप पार्क में भाजपा द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को यमुनानगर के कैंप पार्क में जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में निवर्तमान मेयर एवं भाजपा बैकवर्ड मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने भाग लिया। मौके पर आयोजकों ने मुख्यातिथि को फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर वर्ग को ऊपर उठाने का काम किया है। आज प्रदेश समेत यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में सरकार द्वारा इतने विकास कार्य करवा दिए हैं जो अब तक किसी अन्य सरकार ने नहीं करवाए हैं। आज भाजपा सरकार की जनहित नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी संगठन मजबूत हो रहा है। भाजपा में आए दिन अन्य पार्टियों के बड़े बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश भर में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए गए हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लोग भ्रामक बातों का प्रचार कर आम जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन आम जनता अब इन विपक्षियों का सच जान गई है व

### ये रहे मौजूद

मदन चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार का हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि किसान की आमदनी बढ़े। इसलिए देश के साथ मिलकर हरियाणा प्रदेश सरकार ने भी किसान हित में अनेकों कार्य किए हैं। केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही हैं। ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। मौके पर सौरव वढेरा, रिशु शर्मा, राम प्रकाश वढेरा, वर्कशॉप मंडल अध्यक्ष नीरज गुप्ता, तुलसी गोस्वामी,श्याम शर्मा, उमा शर्मा, सुमन शर्मा, उषा कश्यप, ममता सैन, अनुज भरद्वाज, प्रियंका सैनी, सुनील शादीपुर, डॉक्टर प्रीतम व राम प्रकाश वढेरा आदि मौजूद रहे।



# भाविप ने गर्मी के चलते रादौर में लगाए दो कूलर

**रादौर।** भारत विकास परिषद शाखा रादौर की ओर से मंगलवार को रादौर में लोगों की सहुलियत को देखते हुए दो वाटर कूलर लगाए गए। शाखा संरक्षक मान सिंह आर्य ने बताया कि एक वाटर कूलर रादौर के सरकारी अस्पताल में शाखा अध्यक्ष ललित माटिया के परिवार की ओर से अपने पिता की पुण्यतिथि पर लगवाया गया। जिसका उद्घाटन एसएमओ डॉ.विजय परमार ने किया। इसी तरह दूसरा वाटर कूलर बुबका रोड पर शाखा सदस्य राजकुमार पुजारा की दुकान के पास लगाया गया। इस वाटर कूलर का उद्घाटन शाखा संरक्षक मान सिंह आर्य ने किया। मौके पर विनोद गर्ग, कुलदीप गुप्ता, डॉ.बिमल गर्ग, प्रमोद गर्ग, विपिन गुप्ता, संजय गुप्ता, अशोक आहुजा, सुमित गोयल, सतीश अग्रवाल, सुरेंद्र चोपड़ा, अंकित बंसल, रोशन लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण के प्रति सजगता जरूरीः मीना

- जिला सचिवालय में आयोजित हुई बाल संरक्षण से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर की बैठक
- हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित स्टेकहोल्डर की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी। *फोटो : हरिभूमि*

बाल संरक्षण से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर की जिला सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल कल्याण समिति, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, बाल देखरेख संस्थान व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों भाग लिया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने की। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने बैठक के दौरान सभी के सुझाव लिए। उन्होंने कहा की बाल संरक्षण के प्रति सभी विभागों को संवेदनशील होना होगा। बच्चों को शिक्षा मेडिकल सुरक्षा संरक्षण सभी सुविधाएं देना सुनिश्चित करना होगा। स्कूलों में बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम पोक्सो अधिनियम बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है। बाल देखरेख संस्थानों के बच्चों का पोषण शिक्षा और सवांगीण विकास मिशन वात्सल्य का उद्देश्य है। बाल देखरेख संस्थानों में आश्रित बच्चों को मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। सभी संबंधित विभागों को आपसी ताल मेल बना कर एक मजबूत संरक्षण तंत्र बनाना होगा। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पुलिस हेल्पलाइन 112 सेवा बच्चों के लिए सतर्कता से कार्य करें।

### ये रहे मौजूद

आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि समाज को बच्चों के संरक्षण सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होना होना चाहिए। ताकि बाल संरक्षण हो सके और उनके साथ कोई आपराधिक घटना ना घट सके। मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य पवन बटार, अलका गर्ग, रेनू रानी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता, जिला बाल संरक्षण इकाई से कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा, संरक्षण अधिकारी प्रीति शर्माए,आंचल त्यागी, मुकेश कंसल, गौरव शर्मा व मुनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# युवक पर तेजधार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर के कन्हैया साहिब चौक के पर चार युवकों ने बैंक कॉलोनी निवासी रक्षित नेगी पर तेजधार हथियारों व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्कशॉप रोड स्थित अशोक नगर निवासी साहिल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त बैंक कॉलोनी निवासी रक्षित नेगी का कुछ दिन पहले लक्ष्य ककड़ व वंश जुनेजा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। साहिल ने बताया कि शाम साढ़े सात बजे वह अपने दोस्त रक्षित नेगी के साथ कन्हैया साहिब चौक पर गया था। रास्ते में लक्ष्य ककड़, वंश जुनेजा, अंश बावा व अंकुश ने उन दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके दोस्त पर तेजधार हथियार व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

**शिविर** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शिकायतों का किया निवारण

# समाधान शिविर में पहुंचने वाली शिकायतों का तुरंत करे निपटान

मंगलवार को 80 शिकायतकर्ता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व अन्य अधिकारी।

हरियाणा सरकार के निर्देशों पर आमजन की समस्याओं का निवारण करने के लिए शुरु किए गए जिला सचिवालय में समाधान शिविर में मंगलवार को 80 शिकायतकर्ता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनका उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने समाधान कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में पहुंचने वाली जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में 80 नागरिक अपनी प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि की समस्या लेकर पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सभी समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया गया।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं समाधान शिविर में पहुंच कर जनता की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। समाधान शिविर के उपरांत उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय के बाहर भी जनता की समस्याएं सुनी व निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी कड़ी में जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने पवन कुमार निवासी फरकपुर, राजेश यमुनानगर व सरोजनी देवी परिवार पहचान पत्र ठीक करवाए।

# इंजीनियरिंग चीफ से मिले विधायक

- शीघ्र ही सड़कों को बनाए जाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में जानकारी देते विधायक डॉ.बीएल सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

हल्का रादौर विधायक बिशन लाल सैनी ने रादौर के कई गांवों में सड़क बनाने को लेकर इंजीनियरिंग चीफ चंडीगढ़ से मुलाकात की। साथ ही शीघ्र ही इन सड़कों को बनवाने की मांग की। जिस पर चीफ ने मुख्यमंत्री से बातचीत करने का आश्वासन दिया। बीएल सैनी ने कहा कि शादीपुर वाया रायपुर, जठलाना, गुमथला सड़क मार्ग को बनाने को लेकर वह इंजीनियरिंग चीफ से चंडीगढ़ में मिले। बातचीत के दौरान इंजीनियरिंग चीफ ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर उपरोक्त सड़क का वर्क ऑर्डर ले लिया जायेगा। जिससे ठेकेदार को काम करने की परमिशन मिल सके। उन्होंने कहा कि इस सड़क का बहुत लाभ है। हल्का रादौर के 50 प्रतिशत वाहन इसी सड़क पर चलते हैं। सड़क खस्ताहाल होने के कारण स्थानीय लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी आने जाने में काफी परेशानी होती हैं। मौके पर राजकुमार खुर्दबन, विरेंद्र चौहान नागल, पूर्व सरपंच रणधीर अलीपुरा, ब्लॉक समिति सदस्य परमजीत अलीपुरा, पूर्व सरपंच कर्मसिंह नाचरौन, गुलजार भागुमाजरा आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



## कथा में भगवान श्रीकृष्णा का मनाया जन्मोत्सव

**थानेसर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जब पृथ्वी पापियों का बोझ सहन नहीं कर पा रही थी, तब सभी देवता ब्रह्मा जी व शिव के साथ क्षीर सागर में भगवान की स्तुति करने लगे। तब भगवान श्री हरि ने प्रसन्न होकर देवताओं को बताया कि मैं वासुदेव व देवकी के घर कृष्ण रूप में जन्म लूंगा और वृंदावन में मां यशोदा व नंदबाबा के घर बाल लीलाएं करूंगा। इसलिए आप सब भी उस समय धरती पर किसी ना किसी रूप में उपस्थित रहना। इस अवसर पर यजमान पूर्ण सिंह उनके सुपुत्र मनोज कुमार, विनोद कुमार आदि रहे।

## डीएएसी की मासिक बैठक का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार जगमोहन ने कहा कि 26 जून 2024 को डिस्ट्रिक्ट अप्रेंटिसशिप एवं आत्मनिर्भर कमेटी (डीएएसी) की रिव्यू बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा करेंगी। इस बैठक में सभी विभागों के नोडल अधिकारी रिकॉर्ड सहित उपस्थित रहेंगे।

## शमशेर सिंह ने संभाला वन अधिकारी का कार्यभार

**पिहोवा।** जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह को पिहोवा उपमंडल वन राजिक के अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उपमंडल वन राजिक पिहोवा कार्यालय में अधिकारी शमशेर सिंह ने कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर ईमानदारी और समय पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दे कि शमशेर सिंह पिछले 3 वर्ष से जिला वन राजिक अधिकारी का कार्य कर रहे है। अब उन्हें पिहोवा उपमंडल वन राजिक विभाग का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। शमशेर सिंह ने बताया कि इनका मुख्य उद्देश्य वन एवं पर्यावरण को बढ़ावा देना है।

## बीपीआर कॉलेज में दाखिले के लिए सीटें कम

**कुरुक्षेत्र।** स्नातक कक्षाओं के लिए कॉलेज में दाखिला लेने के लिए आवेदन करने का मंगलवार को अंतिम दिन रहा। जिले के तमाम कॉलेजों में कुल सीटों से ज्यादा आवेदन हो चुके हैं। आवेदन के बाद पहले चरण की दाखिला प्रक्रिया के लिए दो जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। तीन जुलाई को फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। 26 जून को आवेदन में विसंगतियां ठीक की जा सकती हैं।

### कुरुक्षेत्र में हुआ दस दिवसीय राष्ट्रीय शिविर का आयोजन

# बेटियां परिवार, राष्ट्र व समाज निर्माण के लिए अग्रसर हों : आचार्य देवव्रत

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग शिविर में आई आर्य वीरांगनाओ को संबोधित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** आर्य वीरांगानाओं को संबोधित करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि बेटियां घर के वातावरण को संस्कारित करके परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में माताएं-बहन-बेटियां विशेष जिम्मेदारी, मनोयोग और आत्मीयता से अपना कर्तव्य निभाती हैं। भारत देश आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रसर है तब, नैतिक मूल्यों के जतन और संवर्धन के लिए भी उनको आगे आना चाहिये। आचार्य वीडियो कांफ्रेसिंग से शिविर में आई आर्य वीरांगनाओ को संबोधित कर रहे थे। ज्ञात रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का आयोजन हरियाणा के गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुआ। दस दिवसीय शिविर में हरियाणा के साथ ही पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और छतीसगढ़ सहित नौ राज्यों की 400 आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय शिविर के समापन समारोह में राजभवन-गांधीनगर से वर्च्युअली शामिल हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि साम्प्रत वातावरण में महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी के चिंतन और आर्य समाज की विचारधारा की प्रबल आवश्यकता है। आर्य वीरांगना दल की बेटियों से उन्होंने देश की युवापीढ़ी के निर्माण में सामाजिक जागृति में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। एक समय ऐसा था जब बहन-बेटियों को यज्ञ-वेदाभ्यास का अधिकार तक नहीं था। परंतु समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी जैसे महापुरुषों के प्रयासों से परिस्थितियां बदल गईं। आज तो चित्र सम्पूर्णतया बदल गया है, इसका उल्लेख करते हुए राज्यपालश्री ने कहा कि /"आज एक भी क्षेत्र ऐसा नहीं है कि जहां बहन-बेटियों ने नये कीर्तिमान स्थापित ना किए हों। गुजरात की युनिवर्सिटियों में दीक्षांत समारोहों में मैं देखता हूं कि प्रथम 100 क्रमांक में 80 बेटियां होती हैं।/" उन्होंने बेटियों को मन से दृढ़ और तन से सक्षम बनने का आह्वान किया। सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर के दौरान मिले शिक्षण और प्रशिक्षण को जीवन की पूंजी बनाने की प्रेरणा देते हुए राज्यपालश्री ने कहा कि भारतीय मूल्यों और वेदों में विश्व कल्याण का चिंतन है। शिविर में से आत्मसात किए गए विचारों का विस्तार करके उनका उपयोग समाज को जोड़ने में करें और राष्ट्र की एकता बढ़ाने में भी बेटियां योगदान दें। राज्यपालश्री ने संस्कार सिंचन के लिए इस शिविर में भाग लेने के लिए बेटियों और उनके माता-पिता को अभिनन्दन दिया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित इस शिविर में आर्य वीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वतीजी के मार्गदर्शन में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आर्य वीरांगनाओं को शारीरिक, बौद्धिक शिक्षण के साथ ही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। वीरांगनाओं को व्यायाम, आसन, प्राणायाम, षट्कर्म, ध्यान, संध्या और यज्ञ के साथ ही सैनिक शिक्षा और प्राथमिक चिकित्सा की तालीम भी दी गई। समापन समारोह में सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की प्रधान संचालिका श्रीमती व्रतिका आर्या ने स्वागत सम्बोधन किया। अंत में स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती ने आभार विधि की।

# सत्र 2024-25 में 1039 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



**कुरुक्षेत्र।** परीक्षा देते अभ्यर्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमसीए, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी व एमएससी ज्योग्राफी में दाखिले हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक प्रथम में एमएससी कंप्यूटर साइंस सॉफ्टवेयर/एमसीए में दाखिले के लिए आयोजित कॉमन प्रवेश परीक्षा में 269 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 76 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं स्कूल के ब्लॉक द्वितीय व विधि संस्थान में आयोजित एमसीए में दाखिले के लिए 376 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी तथा 74 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग में आयोजित एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा में 134 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 61 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एमएससी ज्योग्राफी में दाखिले के लिए 260 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी व 70 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 26 जून को एमएससी केमिस्ट्री की 120 व एमएससी केमिस्ट्री विद स्पेशलाइजेशन इन फार्मास्यूटिकल की 20 सीटों के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे होगी। इसके साथ ही एमकॉम की 130 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे व एमएससी मैथ की 150 सीटों, जूलॉजी की 60 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। एमएससी फिजिक्स की 120 सीटों व एमएससी फोरेंसिक साइंस की 30 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित होगी।

# सर्व शक्तियों की चैतन्य मूर्ति थी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती : सरोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्मा कुमार, कुमारियों ने दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेकर मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर दी। राजयोगिनी सरोज बहन ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला पहना कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देवियों की सारी दुनिया में पूजा करते हैं, पर जानते नहीं। आज दुनिया में अंधश्रद्धा बढ़ती जा रही है। परमपिता परमात्मा कैसे ऊंची हस्तियों से हमें मिला रहे हैं।

## प्रो. रामविरंजन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में अपनी कलाकृति का करेंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के डीन प्रो. राम विरंजन रोमानियाई संसद में आयोजित होने वाली एक प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में अपनी कलाकृति का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. रामविरंजन को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भाग लेने की शुभकामनाएं दी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि भारतीय राजदूतावास, बुखारेस्ट से प्राप्त पत्र में प्रो. राम विरंजन रोमानियाई संसद में आयोजित होने वाली एक प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में कलाकृति का प्रदर्शन करने का निमंत्रण मिला है। भारतीय दूतावास के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाना और भारत और रोमानिया के बीच कलात्मक संबंधों को मजबूत करना है।

# संगत ने किया कर्तव्य का निर्वहन : अजराना

- प्रकाश उत्सव समागम में सहयोग करने वाले संत-महापुरुषों एवं जत्थेबिंदयों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कवलजीत सिंह जानकारी देते हुए।

साहिब श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव समागम में सहयोग करने वाले संत-महापुरुषों एवं अलग-अलग जत्थेबंदियों का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने आभार जताया है। अजराना ने कहा कि मीरी-पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व समागम हरियाणा कमेटी ने बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया है। इस मौके पर उनके साथ सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर सहित अन्य मौजूद रहे। अजराना ने कहा कि समागम क दौरान संत महापुरुष बाबा कश्मीर सिंह भुरी साहिब वाले, संत बाबा अमरीक सिंह पटियाला वाले, बाबा शुबेग सिंह तरणतारण वालों ने बै्रड-पकौड़ों ठंडे पानी की छबील लगाई। इसके अलावा संत महापुरुषों के सेवादारों ने हर प्रकार से हरियाणा कमेटी का सहयोग किया। अजराना ने कहा कि इसके साथ ही श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली, शबद चौकी जत्था, श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी व गुरुद्वारा पटा साहिब, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा सोसायटी, हेमकुंठ सेवा सोसायटी, भाई तारु सिंह सेवा दल, हरि के सेवक जत्था, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी व सातवीं, गुरु नानक सीनियर सैंकेडरी स्कूल विशेष रूप से सहयोग किया। इन सभी जत्थेबंदियों के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हुए समागम में पूर्ण रूप से सहयोग किया।

# हर कार्यक्रम में नैतिक शिक्षा को भी शामिल किया जाएगा : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पवन मित्तल।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला संयोजक पवन मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था कुरुक्षेत्र जिला व हरियाणा राज्य सहित अन्य राज्यों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, रोजगार एवं जल संरक्षण इत्यादि क्षेत्रों कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने के अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जून के अंत में ग्रीष्म अवकाश समाप्त हो रहे हैं तो ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि ट्रस्ट के समाजसेवा तथा सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों के साथ नैतिक शिक्षा अभियान भी चलाया जाए। मित्तल ने कहा कि आज के बच्चे पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में हैं। इसलिए बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति व संस्कारों से भी अवगत करवाना चाहिए। इस बात की जिम्मेवारी को सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने समझा है। उन्होंने बताया अब हर सामाजिक कार्यक्रम में नैतिक शिक्षा को भी शामिल किया जाएगा। मित्तल ने कहा कि नैतिक शिक्षा अभियान से बेहतर समाज के लिए विद्यार्थियों की चेतना के उत्थान का प्रयास है। नैतिक शिक्षा हमारे जीवन के निर्माण में सहायक होती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और बंधुत्व के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है।

# महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही : उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** महिलाओं को संबोधित करती उमा सुधा। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। महिलाएं समाज के विकास में भी सहभागी बनने के लिए आगे आ रही है। नप की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा मंगलवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा डिजीटल साक्षरता एवं महिलाओं के लिए प्रजनन, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने महिलाओं के बारे में बोलते हुए कहा कि आपमें डिजिटल साक्षरता रोजगार, सभ्य नौकरियों और उद्यमिता के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सुरक्षित और उचित तरीकों से जानकारी तक पहुचाने, एकिकृत करने, संचार करने, मूल्यांकन करने और बनाने की क्षमता है। जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,कृषि, विज्ञान,राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में बराबरी कर रही हैं। पीओ नीतू पूनिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# समाधान शिविर में आई 75 शिकायतों का किया निपटारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा करना सुनिश्चित करें। हर कार्य दिवस सुबह 9 से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित कर यथासंभव निपटारा किया जा रहा है। एडीसी डा. वैशाली शर्मा लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में जन शिकायत सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी। आज समाधान शिविर में करीब 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनकी सुनवाई के उपरांत संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निपटारे के लिए सौंपा।

# आदेश के चेस्ट व टीबी विभाग ने की 100 सफल ब्रोंकोस्कोपी

- डा. नितिन टांगरी और उनकी टीम की प्रशंसा की
- प्रत्येक चिकित्सक का दायित्व बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मैडिकल कॉलेज के चेस्ट और टीबी विभाग ने 100 साफल ब्रोंकोस्कोपी की हैं। यह जानकारी चेस्ट विभाग के डा. नितिन टांगरी ने दी। 100 ब्रोंकोस्कोपी कर रोगियों को को उपचार देकर ठीक करने पर आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने चेस्ट विभाग के डा. नितिन टांगरी और उनकी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आदेश अस्पताल के प्रत्येक चिकित्सक का यह दायित्व है कि यहां पहुंचे रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले और रोगी ठीक होकर अपने घर जाए। उन्होंने कहा कि बढ़िया उपचार और रोगी की संतुष्टि ही आदेश का संकल्प है। चेस्ट विभाग के डा. नितिन टांगरी ने बताया कि ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग छाती रोगों में किया जाता है। उन्होंने बताया कि ब्रोंकोस्कोपी बलगम के अलग-अलग नमूने प्राप्त करने, बलगम में बार-बार खून आना, टीबी या निमोनिया रोग व केंसर का पता लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रोंकोस्कोपी फेफड़ों से रुकावटों को हटाने और फेफड़ों की गंभीर की समस्याओं को पता लगाने और उपचार करने में मददगार साबित होती है। इस अवसर पर प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा, एम.डी. डा.गुणतास गिल मौजूद रहे।

### इंदिरा गांधी ने की 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा : डॉ. शैलेंद्र शैली

# पत्रकार डॉ. केशवानंद ने दमन का किया निडरता से मुकाबला

- स्थानीय श्रीमद भगवत गीता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत एवं हिंदी के अध्यापक रह चुके थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



स्वर्गीय डॉ. केशवानंद ममगाईं।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की थी। इस दौरान तत्कालीन केंद्र एवं राज्य सरकार ने मीडिया एवं जनता पर लोमहर्षक अत्याचार किए और मीडिया की आवाज को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की गई। उस समय के खौफनाक मंजर को याद करते हुए लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉ. केशवानंद ममगाईं उस समय स्थानीय श्रीमद भगवत गीता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत एवं हिंदी के अध्यापक थे। डॉ. शैली उस समय गीता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छठी कक्षा, उनके बड़ा भाई सुभाष नौवीं कक्षा और गीता प्राथमिक विद्यालय थानेसर में छोटी बहन उमा पांचवी और छोटा भाई राजेश चौथी कक्षा के विद्यार्थी थे। तब उनके पिता नई दिल्ली से प्रकाशित अंग्रेजी के प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता थे। महादेव मोहल्ला स्थित घर में जब सुबह उनके पिता विद्यालय जाने के लिए तैयार हो रहे थे, तो पड़ोस के एक विद्यार्थी सुरेंद्र शर्मा ने उन्हें आकर बताया कि विद्यालय के बाहर पुलिस की बस खड़ी है। यह सुनते ही उनके पिता बाल कंघा करते ही बिना नाश्ता किया स्कूल के लिए चल दिए। पैदल चलते-चलते स्कूल के गेट पर उन्होंने पुलिस की बस को देखा। क्रोध और रोष में अंदर जाने पर उनका सामना थानेसर के तत्कालीन एसडीएम भास्कर चटर्जी से हुआ। उनकी गणना उस समय के जाने-माने तेजतर्रार और सख्त अधिकारियों में की जाती थी। अंदर जाकर उन्हें पता चला कि विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनानाथ बत्रा, मदन लाल ढींगरा, विश्वनाथ सहित कई अध्यापकों को बीती रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनानाथ बत्रा एवं मुख्याध्यापक विश्वनाथ विद्यालय के प्रवेश द्वार के अंदर दाएं तरफ स्थित आवास में ही रहते थे। एसडीएम भास्कर चटर्जी ने आदेश दिया कि उक्त दोनों अध्यापकों के आवास को दो घंटे में खाली किया जाए। इस पर मेरे पिता और एसडीएम चटर्जी के बीच काफी गरमा- गरम बहस हुई और उन्होंने कहा कि मकान का सामान दो घंटे में किसी और जगह ले जाना संभव नहीं है। अंत में एसडीएम ने मेरे पिता जी की बात मान ली और और मेरे पिता ने बत्रा एवं विश्वनाथ का सामान किसी और जगह भिजवाने की व्यवस्था की। उन दिनों आपातकाल के विरोध के मुश्किल से चुनिंदा अखबारों में ही समाचार देखने को मिलते थे, लेकिन मेरे पिता ने नियमित रूप से आपातकाल से संबंधित समाचार भेजे।

### आजीवन पेंशन देने की सुविधा

डॉ शैलेंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार ने आपातकाल के दौरान जेल में यातनाएं भुगतने वाले लोगों को आजीवन पेंशन देने की जो सुविधा प्रदान की है, वह प्रशंसनीय है। आपातकाल के दौरान उनके पिता जैसे हजारों लोगों की बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना के कारण ही लोकतंत्र का दीपक दोबारा टिमटिमाने लगा और आज विश्व में भारत के लोकतंत्र का कोई सानी नहीं है। डॉ.शैलेंद्र ने उम्मीद जताई कि इस देश को आपातकालीन जैसे दिनों का फिर से सामना नहीं करना पड़ेगा।


# आपातकाल के पौने 2 साल देश में अंग्रेजों की तरह चला था काला राज

## परिवहन मंत्री गोयल बोले-आपातकाल के दुखद समय के काले अध्याय के विरोध में मनाया गया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जो आपातकाल लगाया गया था, वह सबसे बुरा दौर था। उन्होंने इस दौर की तुलना अंग्रेजो के राज से करते हुए आपातकाल के पौने 2 साल के समय को काला राज घोषित किया।

इस दुखद समय के विरोध में मंगलवार को भाजपा द्वारा काला दिवस मनाया गया। इस मौके पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि संविधान की जितनी बार भी हत्या की गई वह कांग्रेस पार्टी ने की है। तोड़ने-मरोड़ने का काम कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया। देश के इतिहास में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 का पौने 2 साल का कार्यकाल काले अक्षरों में लिखा गया है। इस दौरान आम जनता से लेकर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने बहुत जुल्म सहे। निरअपराध लोगों को बिना की अपराध के जेलों में डाला गया। गोयल ने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था। उन्होंने इसके उपरांत सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उनके चुनाव को अवैध घोषित किया तो सत्ता हाथ से चली जाने के डर से उन्होंने 25 जून 1975 को आपातकाल लगा दिया। लोगों पर जबरदस्ती कार्रवाई की गई। जिस किसी ने उनके खिलाफ आवाज उठानी चाही, उसे जेल में डाल दिया गया। आरएसएस के स्वयंसेवकों को चुन-चुनकर जेल में डाला गया। विपक्ष के नेताओं को, लोकतंत्र की आवाज उठाने वाले आमजन को जेल भेज दिया गया। समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को खबर न मिले इसके लिए प्रिंटिंग प्रैस की बिजली काट दी गई। पौने 2 साल आमजन पर अत्याचार हुए। काला दिवस के कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जुल्म सहने और जेल तक जाने वाले लोगों आमंत्रित किया गया। उन्होंने मंच से अपने विचार सांझा किए। इस दौरान मंत्री असीम गोयल ने उन्हें सम्मानित भी किया। इसमें राममूर्ति देवी, संतोष बख्शी, जय प्रकाश, आनंद कुमार, बलबीर सिंह अग्रवाल, सुखदेव कुकरेजा व सुशील जैन शामिल हैं।





अंबाला। आपातकाल में जुल्म सहने वाले लोगों को सम्मानित करते परिवहन मंत्री असीम गोयल व मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी, विवेक गुप्ता, सुरेंद्र राणा, विधानसभा प्रभारी नीता खेड़ा, जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल, मंडल अध्यक्ष सोमनाथ जनसुई, गुरजंट बिशनगढ़, रामचंद्र सैनी, निगम सदस्य हितेश जैन, सुंदर ढींगरा, गुरप्रीत कौर, विपिन बत्रा, यशवीर शर्मा, संजीव गोयल टोनी, गुरविंदर सिंह, राज सिंह, रमिंदर गोयल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद इनेलो नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### बाढ़ का मंजर भूली नहीं है जनता: ओंकार सिंह

अंबाला। बाढ़ से बचाव के कार्यों में प्रशासन व सत्तासीन नेताओं के रवैये को उदासीन कारर देते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी की जनता बाढ़ का मंजर भूली नहीं है। इसी समस्या को लेकर मंगलवार को मिल के पीछे इनेलो कार्यकर्ताओं की मीटिंग ओंकार सिंह के कार्यालय में संपन्न हुई। पिछले वर्ष जुलाई में भयंकर बाढ़ आई थी। छावनी के लोगों का भारी नुकसान हुआ था। उस समय पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने टांगरी नदी की दूसरी तरफ बांध बनाने का वादा किया था जो अब तक जुमला ही निकला। इस अवसर पर राजिंदर सिंह, अवतार सिंह, रत्न सिंह, अशोक कुमार, रमेश यादव, संजय कुमार, अमरीक सिंह, प्राण वैद, जस्सी, सुनील गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

### पीएमएफएमई योजना की जानकारी ली

अंबाला। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) और सिडबी जागरूकता कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को पंचायत भवन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिटीएम वश्विजीत सिंह ने की। उन्होंने पीएमएफएमई योजना की जानकारी ली और आत्मनर्भिर भारत अभियान के तहत कार्य करने बारे आवश्यक नर्दिश दिए। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल मुहिम के तहत उद्यमिता विकास के लिए पीएम-एफएमई योजना चलाई जा रही है। इस योजना का आमजन लाभ ले सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 को होगी

अंबाला। उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा द्वारा समिति में पंजीकृत समस्याओं को सुनने के साथ-साथ अन्य समस्याएं भी सुनेंगे।

## 27, 28 जुलाई और 3 व 4 अगस्त को मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप

# घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रुटि ठीक करेंगे बीएलओ

■ मर चुके मतदाताओं का सूची से हटेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने मंगलवार को मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन व फोटो युक्त मतदाता सूचियों के संबंध में उपायुक्त कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ 25 जून से 24 जुलाई 2024 तक घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रुटि ठीक करने का कार्य करेंगे। इस दौरान वे मतदान केंद्रों की रेशनलाइजेशन, मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूचियों से हटाने, मतदाता सूची में मतदाता की साफ फोटो आदि का कार्य करेंगे। इसको लेकर आने वाले दिनों में सभी बीएलओ की एक ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सभी एसडीएम व निर्वाचन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार 25 जुलाई 2024 से 9-8-2024 तक मतदाता सूचियों से जुड़े दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। आयोग की हिदायतानुसार मतदाता सूचियों में अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं के नाम शामिल करवाने तथा मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दूर करने हेतू 27 व 28 जुलाई 2024 तथा 3 व 4 अगस्त 2024 के दिवस विशेष अभियान चलाए जाएंगे। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 9:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सूचियां आम जनता के निरीक्षण हेतू उपलब्ध होंगी। डीसी डॉ. शालीन ने बैठक के दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वें सभी बीएलओ के साथ समन्वय रखें। जिन बूथों पर समस्याएं हैं उन्हें अवगत करवाएं और मतदाता सूचियों की त्रुटियों को ठीक करवाएं। इसके साथ-साथ जहां किसी मतदाता की मौत हो चुकी है, उसका नाम मतदाता सूची से कटवाने में मदद करें। डोर-टू-डोर जब भी बीएलओ जाएं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उनसे संपर्क कर लें। यदि कोई मतदाता संबंधित जगह से शफ्टि हो गया है, उसकी वोट को भी शफ्टि करवाने का कार्य करें।

बैठक में एसडीएम यश जालूका, एसडीएम सतेंद्र सिवाच, एसडीएम अश्वनी मलिक, एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम विश्वजीत सिंह, चुनाव तहसीलदार संदीप, निदेशक आईटी अरवद्रिं जोत सिंह, डीईओ सुरेश व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




अंबाला। मीटिंग में अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी डॉ. शालीन।

### आयोग की हिदायतानुसार कार्रवाई

डीसी ने कहा कि आयोग की हिदायतानुसार मतदाता जिनकी आयु 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतू फार्म नंबर 6 के साथ संबंधित दस्तावेज तथा फोटोग्राफ आदि लगाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। फार्म नंबर 6 के साथ नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित रिहायश तथा जन्म प्रमाण साथ लगाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त ऐसे मतदाता जो स्थान छोडक़र चले गए है अथवा जिनकी मृत्यु हो गई है के नाम मतदाता सूची से हटाने हेतू फार्म नंबर 7 भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। मतदाता जिनके ब्यौरे में किसी प्रकार की अशुद्धि है, वह फार्म नंबर 8 भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करवा सकते है।




अंबाला। सरकार के खिलाफ विरोध करते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# लंबित मांगों को लेकर विरोध में उतरे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप

एनएचएम कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर काले रिबन लगाकर विरोध प्रकट किया। साथ ही आगामी आंदोलन का आगाज किया। प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से प्रदेश में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। संगठन ने पत्राचार व बैठकों के माध्यम से सरकार के सम्मुख बातें रखी जिसमें उन्होंने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए वर्ष 2016 में दो बार अधिकारियों के द्वारा मसौदा तैयार किया गया था। इसको सरकार के द्वारा अनदेखा किया गया है। वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के कोविड काल के दौरान किए गए कार्य को देखते हुए 7वें वेतनमान आयोग की सिफारिशें लागू करने की मंजूरी दी गई थी। परंतु विभाग एंव अधिकारियों के द्वारा हर बार किसी न किसी प्रकार की अनावश्यक अनापत्तियां लगाकर मुख्यमंत्री की घोषणा को लागू नहीं कर रहे है। जब भी एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार एंव अधिकारियों से बात करते हैं तो उन्हे केवल एक ही जवाब दिया जाता है कि कहीं भी एनएचएम कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है। हम सरकार एवं अधिकारियों को बताना चाहते हैं कि केंद्र द्वारा कई बार अपने विभिन्न पत्राचारों के दौरान एनएचएम कर्मियों कों स्वास्थ्य विभाग में समायोजित करने के लिए राज्य सरकार को नर्दिशित किया गया है। इसी संदर्भ में चिकित्सा एंव स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दल्लिी द्वारा 21 दिसंबर 2011 को जारी पत्र में 2022 में मणिपुर राज्य में एनएचएम कर्मियों को नियमित करने का कार्य किया गया है।

# पिछड़ा वर्ग को पूर्व की सरकारों ने वोट बैंक की तरह किया इस्तेमाल

■ ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने सीएम नायब सिंह सैनी की जमकर की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सतीश धीमान ने कहा कि कभी किसी सरकार ने पिछड़ा वर्ग की उन्नति के बारे में नहीं सोचा। केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ही इस समाज की सुध ली है। धीमान के साथ मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशपाल नहोनी व प्रदेश सचिव कर्म सिंह मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग को सर्फि वोटबैंक के लिए इस्तेमाल किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्रीमिलेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर अब केंद्र सरकार की तर्ज पर 8 लाख रुपए लागू करके गरीबों के दिलों में जगह बना ली है। इसमें नौकरी व किसानों की आय नहीं जोड़ी जाएगी। रमेशपाल ने कहा मुख्यमंत्री ने नौकरियों में पिछड़ा वर्गों का आरक्षण 27 प्रतिशत प्रथम व द्वितीय क्लास की नौकरियों में 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया है। यह आरक्षण बीसी ए व बीसी बी को भी दिया जाएगा। कौशल रोजगार निगम में भी 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। मोदी ने विश्वकर्मा योजना के तहत समाज के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।




अंबाला। मीडिया से बातचीत करते ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी।

### चालक की लापरवाही से बाइक सवार की मौत

■ मृतक की शिनाख्त कुलदीप सिंह के रूप में हुई

अंबाला। अचानक ब्रेक लगाने से बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा भिड़ी। हादसे में बाइक चालक को चोट आई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त गांव धनौरा के कुलदीप सिंह के रूप में हुई है। गांव धनौरा के दलजीत सिंह ने बताया उसके पिता कुलदीप सिंह वीटा प्लांट बिलासपुर में सक्योिरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। 23 जून को उसके पिता ड्यूटी पर जाने के लिए अपनी बाइक पर घर से निकले थे। उसे भी बिंजलपुर काम से जाना था। रात 8 बजे बिंजलपुर बस स्टैंड पर उसके पिता ने उसे उतार दिया, जैसे ही उसके पिता चलने लगे तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने क्रॉस किया और फिर अचानक ब्रेक लगा दिया। उसके पिता की बाइक ट्रॉली में जा भिड़ी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता सड़क पर गिर गए। वह अपने पिता के पास पहुंचकर संभाला। इस बीच आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स बोले-नियमित करे सरकार

■ उपायुक्त के जरिए सीएम नायब सिंह सैनी को भेजा ज्ञापन, कैबिनेट में मामला रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विभन्नि विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढांडा के आह्वान पर मंगलवार को संयुक्त सचिव अंबाला जोन प्रमोद कुमार की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम उपायुक्त कार्यालय में सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने उपायुक्त से अपील करते हुए कहा कि वे इस ज्ञापन को 27 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाएं। उपायुक्त ने उपस्थित हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल को आश्वस्त किया कि वे इस ज्ञापन को समय रहते मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाएंगे। इससे पहले हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने लघु सचिवालय में स्थित पार्क में एकत्रित होकर आगामी रणनीति पर विचार किया और संगठन को मजबूत करने के लिए विभन्नि विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल जो संगठन से नहीं जुड़े हैं, उन्हें संगठन से जोडऩे बारे विचार विमर्श किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार बलजिंदर, गौरव खुल्लर, सोनू, मोहन, प्रवीन खान, देवेंद्र, कृष्ण, पवन, अभिषेक आदि मौजूद रहे।



अंबाला। ज्ञापन सौंपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स।

### पांच हजार का संगठन

प्रमोद कुमार ने बताया कि हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स का संगठन है, जो हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण बारे निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से एक सूत्री मांग रखते हुए कहा कि सरकार विभन्नि विभागों, बोर्ड, निगम, मिशन/केंद्रीय स्कीम, सांविधिक निकायों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग 5000 हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमित करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करें। इसके साथ ही सरकार से यह भी मांग की है कि सरकार सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी लेकर आएं, उसे ओपन रखा जाए ताकि इस पॉलिसी में रेगुलर न होने वाले हारट्रोन कर्मचारी एक निश्चित अंतराल के बाद रेगुलर हो सके।



अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनियां, ढहाए निर्माण

■ अवैध शैड के साथ सड़कों के जाल के साथ दूसरे निर्माण भी ध्वस्त

अंबाला। गांव शहजादपुर में आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने ढहा दिया। इसी तरह प्रशासन की ओर से गांव धमौली माजरी गैरकानूनी तरीके से काटी गई कॉलोनी में हुए नर्मिाण कार्य भी तोड़ दिए गए। इस दौरान दस्ते ने एक अवैध शैड, मिटटी की सडक़ों के जाल तथा अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। मौके पर ड्यूटी मजस्ट्रिेट जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनष्ठि अभियंता रवद्रिं तथा कनष्ठि अभियंता अभिषेक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। तोड-फोड के दौरान आमजन को अवगत करवाया गया कि उपरोक्त कॉलोनी गैरकानूनी तरीके से काटी गई थी।

### बराड़ा : नशे में धुत्त डंपर चालक ने एक्टिवा और दुकान को मारी टक्कर

बराड़ा। नशे में धुत एक डंपर चालक ने गांव डेरा सलीमपुर में तेज गति से चलते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। गांव डेरा सलीमपुर के शीशपाल ने बताया कि वह गांव डेरा सलीमपुर के चौक पर हेयर ड्रैसर की दुकान के बाहर अपनी एक्टिवा खड़ी कर अंदर गया ही था कि इतने में एक तेज गति से डंपर ने उसकी एक्टिवा को तोड़ दिया। इसके बाद डंपर ने आगे जाकर हलवाई की दुकान को भी टक्कर मार दी। चालक की लापरवाही यहीं नहीं रुकी। वह तेज गति से नाहरा की तरफ गया। रास्ते में कई लोग उसके शिकार होने से बाल-बाल बचे। शीशपाल ने बताया कि ग्रामीणों ने डंपर चालक का पीछा किया। पता चला है कि गांव नाहरा में इस डंपर चालक ने अपने आगे जा रहे एक और डंपर में टक्कर मार दी। इससे डंपर का अगला शीशा टूट गया। पीछा कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। जब ड्राइवर को नीचे उतारा गया, तो वह पूरी तरह नशे में धुत पाया गया। ड्राइवर की पहचान के बाद पुलिस को सूचना दी। पीसीआर मौके पर पहुंची और ड्राइवर को अपने साथ ले गई।



बराड़ा। मौके पर खड़े डंपर के पास जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

## कृषि विभाग जिले के हर खंड में जागरुकता शिविर आयोजित कर रहा

# गिरता भूजल बचाने के लिए धान की सीधी बिजाई पर जोर

■ किसानों से आह्वान समय रहते पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से पानी की कल्लित को देखते हुए जिले में धान की सीधी बिजाई के प्रति किसानों को जागरुक करने के लिए प्रत्येक खंड में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपनिदेशक कार्यालय कृषि एवं किसान कल्याण के द्वारा इस कड़ी के मध्यनजर खंड प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो अपने-अपने आंबटित खंड में उचित प्रचार व प्रसार के द्वारा धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य समय रहतें पूर्ण करवाएंगे। इसी कड़ी में गांव पंजोखरा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता गांव के संरपच सुखवद्रिं सिंह ने की। पंजोखरा गांव में आयोजित शिविर में किसानो को धान की सीधी बिजाई के साथ-साथ विभाग द्वारा चलायी जा रही विभन्नि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अर्चना एटीएम, सीमा, ऋषभ, रवद्रिं व नितिन सुपरवाइजर मौजूद रहे।



### 4000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही

सहायक सांख्यिकी अधिकारी मंजीत कौर ने बताया कि जिले में धान की सीधी बिजाई के प्रति रुझान प्रतिवर्ष बढ रहा है। सीधी बिजाई करने पर सरकार द्वारा किसानों को 4000 रुपये प्रति एकड प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। लगातार गिरते भू-जल स्तर को रोकने से बचाने के लिए धान की रोपाई की जगह सीधी बिजाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस मौके पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा के बारे में भी जानकारी प्रदान की व सभी किसानों से आह्वान किया कि वे समय रहते पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करवाए ताकि फसल बिक्री में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। उन्होनें बताया कि खरीफ 2024 के लिए सरकार द्वारा पोर्टल आरम्भ किया जा चुका है। इस अवसर पर सिमरण जस्ट, विषय विषेषज्ञ व रोहित बीटीएम ने भी धान की सीधी बिजाई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005